

पाक्षिक

# खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक : सत्येन्द्र राजवंशी    मो. 9587570001    Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : गुरुवार 03 सितम्बर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया


अमेरिका बोला- केवल सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना

## दो दिन बाद अमेरिका का ईरान पर फिर मिसाइल हमला, 19 की मौत का दावा

### 68 घायल; ईरान ने जवाब में जॉर्डन और बहरीन स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले का किया दावा

मृदुल पत्रिका,

**वॉशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। अमेरिकी सेना ने मंगलवार रात ईरान के सिरिक, खुजस्तान, केशम द्वीप और बंदर अब्बास में मिसाइल और ड्रोन से हमले किए। ईरान के अनुसार, इन हमलों में 19 लोगों की मौत हुई है, जबकि 68 लोग घायल हुए हैं। हालांकि, अमेरिका ने आम नागरिकों को निशाना बनाने के आरोप से इनकार किया है। ईरान का दावा है कि सिरिक में एक शादी समारोह के दौरान मिसाइल गिरने से पांच लोगों की मौत हुई। मृतकों में चार साल का एक बच्चा भी शामिल बताया गया है। वहीं, खुजस्तान प्रांत में हुए हमले में सात लोगों की मौत और आठ लोगों के घायल होने की जानकारी दी गई है। अमेरिका का कहना है कि उसके हमलों का लक्ष्य केवल ईरानी सैन्य ठिकाने थे। अमेरिकी हमलों के बाद ईरान ने जॉर्डन और बहरीन में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमला करने का दावा किया है। इससे क्षेत्र में संघर्ष और बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है। इससे पहले 30 अगस्त को अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास स्थित लारक द्वीप पर दो ईरानी रॉकेट प्रक्षेपकों को हवाई हमले में निशाना बनाने की जानकारी दी थी।



#### शादी समारोह को निशाना बनाने के दावे पर विवाद

ईरान ने आरोप लगाया है कि सिरिक में अमेरिकी मिसाइल एक शादी समारोह के दौरान गिरी, जिसमें लोगों की मौत हुई। ईरानी पक्ष के अनुसार, मृतकों में एक चार वर्षीय बच्चा भी शामिल है। हालांकि, अमेरिकी केंद्रीय कमान ने इन आरोपों को खारिज किया है। उसका कहना है कि अमेरिकी सेना ने ईरान के आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया। ऐसे में सिरिक में हुई मौतों को लेकर दोनों पक्षों के दावे अलग-अलग हैं।

#### हमले के बाद क्षतिग्रस्त इमारतें, अस्पतालों में घायल

हमले के बाद ईरान से क्षतिग्रस्त इमारतों की तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं। ईरानी रेड क्रिसेंट की ओर से जारी सामग्री में हमले के बाद नुकसान दिखाई दे रहा है। सोशल मीडिया पर प्रसारित कुछ वीडियो में घायलों को अस्पतालों में इलाज कराते हुए भी दिखाया गया है। ईरान के सिरिक में हमले के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग जुटे नजर आए। हालांकि, सोशल मीडिया पर सामने आ रहे सभी वीडियो और तस्वीरों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

## नेपाली प्रधानमंत्री ने संसद में भारत-चीन को कहा धन्यवाद बोले- मुश्किल समय में पड़ोसी देशों ने की मदद

### सात दिन में 1,225 मौतें, 4,700 से ज्यादा लोग लापता


मृदुल पत्रिका,

**काठमांडू।** नेपाल में पिछले दिनों आई विनाशकारी बाढ़ और उससे मची तबाही के बीच प्रधानमंत्री बालेन शाह ने भारत और चीन की मदद के लिए दोनों देशों को धन्यवाद दिया। बुधवार को संसद को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि संकट की घड़ी में दोनों पड़ोसी देशों ने समय पर राहत सामग्री, तकनीकी दल और आपात सहायता उपलब्ध कराई। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की ओर से राहत सामग्री की पांचवीं खेप भी नेपाल पहुंच चुकी है। भारतीय दल प्रभावित क्षेत्रों में खोज अभियान चलाने के साथ शवों की पहचान में भी मदद कर रहे हैं। वहीं चीन ने ग्यिरोंग सीमा तक जाने वाला राजमार्ग खोल दिया है, जिससे राहत दलों को प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचने में मदद मिल रही है।

#### नेपाल में 1,204, तिब्बत में 21 लोगों की मौत

बाढ़ और उससे जुड़ी घटनाओं में अब तक कुल 1,225 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें नेपाल में 1,204 और तिब्बत में 21 लोगों की जान गई है। इसके अलावा 4,700 से अधिक लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। लापता लोगों में कई जलविद्युत परियोजनाओं में काम करने वाले कर्मचारी भी शामिल हैं। आशंका जताई जा रही है कि कुछ लोग अब भी सुरंगों में फंसे हो सकते हैं। ऐसे लोगों की तलाश के लिए बचाव दल अभियान चला रहे हैं।

प्रधानमंत्री बालेन शाह ने कहा- जलवायु परिवर्तन से हिमालयी क्षेत्र में बढ़ रहा आपदाओं का खतरा



#### हिमालय में बढ़ रहा जलवायु खतरा

प्रधानमंत्री बालेन शाह ने 26 अगस्त को भोटेकोशी नदी में आई बाढ़ को हिमालयी क्षेत्र में बढ़ते जलवायु खतरों की गंभीर चेतावनी बताया। संसद में उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों के अनुसार ऊंचे हिमालयी क्षेत्र में बर्फ और चट्टानों का बड़ा हिस्सा टूटने से यह आपदा आई। शाह ने कहा कि इससे संकेत मिलता है कि जलवायु परिवर्तन के साथ हिमालयी क्षेत्र में प्राकृतिक आपदाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। उनके अनुसार जलवायु परिवर्तन पूरी दुनिया की गतिविधियों का परिणाम है और इसके प्रभाव को कम करना तथा इससे पैदा होने वाले खतरों से निपटना पूरी दुनिया की साझा जिम्मेदारी है।

#### भारतीय दल शवों की पहचान में जुटा

आपदा के बाद राहत और बचाव कार्यों में भारत की भूमिका भी महत्वपूर्ण बनी हुई है। भारतीय दल प्रभावित क्षेत्रों में सुरंगों में खोज अभियान चला रहे हैं। इसके साथ ही बरामद शवों और अवशेषों की पहचान के लिए डीएनए जांच में भी सहायता की जा रही है, ताकि पहचान के बाद शवों को उनके परिजनों को सौंपा जा सके। काठमांडू समेत कई प्रभावित इलाकों में लोग अब भी अपने लापता परिजनों की तलाश कर रहे हैं। राहत कार्यों के साथ लापता लोगों की जानकारी जुटाने और उनके परिजनों तक सूचना पहुंचाने का काम भी जारी है।




## उत्तराखंड में बारिश से 12 मौतें, बिहार में बाढ़ का खतरा; यूपी-एमपी में भी हालात बिगड़े

मृदुल पत्रिका,

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में मानसून की भारी बारिश से हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। उत्तराखंड में पिछले तीन दिनों से जारी बारिश के बीच अलग-अलग घटनाओं में 12 लोगों की मौत हो गई। नैनी झील का जलस्तर 88 फीट पार होने के बाद पानी की निकासी के लिए चैनल खोल दिए गए हैं। राज्य में 172 सड़कें बंद हैं, जबकि नैनीताल, बागेश्वर और देहरादून में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पांच जिलों में स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं बिहार में गंगा, पुनपुन समेत कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। उत्तर प्रदेश में बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित है। उन्नाव में गंगा एक्सप्रेसवे पर करीब सात फीट गहरा गड्ढा हो गया। मध्य प्रदेश के चित्रकूट में मंदाकिनी नदी के उफान से रामघाट की करीब 400 दुकानें और 20-25 होटल पानी में डूब गए हैं।

#### उत्तराखंड में बारिश से हालात गंभीर

उत्तराखंड में लगातार बारिश के कारण कई इलाकों में सड़क और यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई है। बारिश से जुड़ी घटनाओं में मंगलवार को 12 लोगों की मौत हुई। नैनी झील का जलस्तर 88 फीट से ऊपर पहुंचने के बाद अतिरिक्त पानी की निकासी के लिए चैनल खोल दिए गए। राज्य के 172 मार्ग बंद बताए गए हैं। मौसम विभाग ने नैनीताल, बागेश्वर और देहरादून में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश की आशंका को देखते हुए पांच जिलों में स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र बंद कर दिए गए हैं।

## दो दिन में चांदी 8,803 और सोना 4,651 रुपए सस्ता



मृदुल पत्रिका,

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,999 रुपए घटकर करीब 1.51 लाख रुपए रह गया। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 2,023 रुपए गिरकर करीब 2.28 लाख रुपए पर पहुंच गई। पिछले दो दिनों में सोने और चांदी दोनों की कीमतों में बड़ी गिरावट आई है। मंगलवार को सोना 2,652 रुपए और चांदी 6,780 रुपए सस्ती हुई थी। इस तरह दो दिनों में सोना कुल 4,651 रुपए और चांदी 8,803 रुपए तक सस्ती हो चुकी है।

दिल्ली के महेश भागचंदका समेत तीन नए सदस्य शामिल

## राम मंदिर के पहले सीईओ बने पूर्व एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा, गोविंद देव गिरि नए महासचिव

मृदुल पत्रिका,

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मंदिर के प्रशासन में बड़ा बदलाव करते हुए पूर्व एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा को मंदिर का पहला मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। ट्रस्ट ने बुधवार को इसकी घोषणा की। जीतेंद्र मिश्रा भारतीय वायुसेना में करीब 39 साल सेवाएं दे चुके हैं और इसी वर्ष 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पश्चिमी वायु कमान की जिम्मेदारी संभाली थी। ट्रस्ट में अन्य महत्वपूर्ण बदलाव के तहत अब तक कोषाध्यक्ष रहे गोविंद देव गिरि को महासचिव बनाया गया है। वहीं ट्रस्टी बनाए गए महेश भागचंदका को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी और कोषाध्यक्ष, दोनों महासचिव गोविंद देव गिरि को रिपोर्ट करेंगे।



#### ट्रस्ट में तीन नए सदस्य शामिल

ट्रस्ट में दिल्ली के महेश भागचंदका के अलावा अयोध्या के अधिवक्ता मदन मोहन पांडेय और शिकोहाबाद की निर्मला यादव को भी नया सदस्य बनाया गया है। निर्मला यादव ट्रस्ट की पहली महिला ट्रस्टी होंगी। यह बदलाव मंदिर में चढ़ावे की चोरी का मामला सामने आने के करीब तीन महीने बाद हुआ है। इस मामले में आठ आरोपी जेल में हैं। इसके बाद 2 जुलाई को ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के बाद सेवानिवृत्त भारतीय विदेश सेवा अधिकारी कृष्ण मोहन को कार्यवाहक महासचिव बनाया गया था। उन्होंने 58 दिनों तक यह जिम्मेदारी संभाली।

#### जीतेंद्र मिश्रा को सीईओ बनाने के पीछे क्या वजह

जीतेंद्र मिश्रा ने भारतीय वायुसेना में लंबे समय तक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली हैं। 6 दिसंबर 1986 को उन्हें वायुसेना अकादमी से लड़ाकू विमान शाखा में कमीशन मिला था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पश्चिमी वायु कमान के प्रमुख के रूप में उनकी भूमिका रही और उन्हें सर्वोच्च युद्ध सेवा पदक से भी सम्मानित किया गया। वह उत्तर प्रदेश के देवरिया से ताल्लुक रखते हैं। मंदिर में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ते प्रशासनिक कामकाज को देखते हुए उनके सैन्य प्रशासन का अनुभव महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## दिशा सालियान की मौत की जांच अब सीबीआई करेगी



मृदुल पत्रिका,

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व प्रबंधक दिशा सालियान की मौत की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का आदेश दिया है। अदालत ने यह फैसला दिशा के पिता सतीश सालियान की याचिका पर सुनाया। याचिका में पुलिस की जांच पर सवाल उठाते हुए मामले की नए सिरे से जांच की मांग की गई थी। दिशा सालियान की मौत 8 जून 2020 को मुंबई के मलाड इलाके में एक इमारत की 14वीं मंजिल से गिरने के बाद हुई थी। इसके छह दिन बाद 14 जून 2020 को अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत भी मुंबई के बांद्रा स्थित अपने आवास में मृत पाए गए थे।

भाजपा ने जारी किया नगरीय विकास संकल्प पत्र

## राजस्थान में 1 लाख लोगों को प्लॉट, शहरों में 24 घंटे घरेलू बिजली का वादा

मृदुल पत्रिका,

**जयपुर।** राजस्थान में आगामी नगरीय निकाय चुनावों को लेकर भाजपा ने बुधवार को अपना नगरीय विकास संकल्प पत्र जारी किया। जयपुर के होटल शकुन में प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में संकल्प पत्र का विमोचन किया गया। भाजपा ने इसमें शहरों के समग्र विकास, पेयजल व्यवस्था में सुधार और घरेलू बिजली की 24 घंटे आपूर्ति सहित कई वादे किए हैं। भाजपा ने कहा कि प्रत्येक निकाय में वार्ड को विकास का आधार बनाते हुए शहरों का चहुंमुखी विकास किया जाएगा। प्रभावित निकायों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर करने और घरेलू उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने का भी संकल्प लिया गया है। भाजपा के नगरीय विकास संकल्प पत्र में राजस्थान में एक लाख लोगों को भूखंड उपलब्ध कराने का वादा किया गया है। इसके साथ ही शहरों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने और स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को गति देने की बात कही गई है। पार्टी ने निकायों में वार्ड को विकास की प्रमुख इकाई मानते हुए स्थानीय जरूरतों के आधार पर काम करने का संकल्प जताया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि जनता मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गारंटी पर विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है, उसे पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहती है। राठौड़ ने पिछली सरकारों के कामकाज की तुलना करते हुए कहा कि जनता सब जानती और समझती है।




#### मुख्यमंत्री बोले- घोषणा पत्र नहीं, काम का संकल्प

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा ने इसे 'नगरीय विकास संकल्प पत्र' नाम दिया है, क्योंकि घोषणा पत्र केवल घोषणा करने के लिए होता है, जबकि संकल्प पत्र काम करने के लिए होता है। उन्होंने कहा कि शहरों में विकास कैसे हो, इसे लेकर भाजपा राजस्थान की जनता के सामने अगले पांच वर्षों का संकल्प पत्र लेकर आई है। मुख्यमंत्री ने 'वन स्टेट वन इलेक्शन' का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने विधानसभा में एक राज्य, एक चुनाव कराने की बात कही थी, तब कांग्रेस के एक बड़े नेता ने कहा था कि उनके काका भी ऐसा नहीं करा सकते। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब वह खुद देख लें कि एक राज्य, एक चुनाव कौन करा रहा है।

सीजेपी के विरोध प्रदर्शन के बाद सरकार ने मंजूर की राशि

## जयपुर में जर्जर सरकारी स्कूल पर चला बुलडोजर, 18 लाख से बनेगी नई इमारत

मृदुल पत्रिका,

**जयपुर।** जयपुर के बगरू विधानसभा क्षेत्र स्थित रामपुरा गांव के राजकीय प्राथमिक स्कूल के जर्जर भवन को बुधवार सुबह गिरा दिया गया। सरकार की ओर से करीब 18 लाख रुपए की राशि स्वीकृत किए जाने के बाद पुराने भवन को हटाकर नए स्कूल भवन के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह वही स्कूल है, जिसकी बदहाल स्थिति को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी ने 21 अगस्त को विरोध प्रदर्शन किया था। अब पुराने भवन को धराशायी किए जाने के बाद नए भवन का निर्माण कराया जाएगा।



#### जर्जर भवन को हटाकर शुरू हुआ निर्माण

रामपुरा स्कूल की पुरानी इमारत लंबे समय से जर्जर स्थिति में बताई जा रही थी। बुधवार को बुलडोजर की मदद से भवन को गिराने का काम शुरू किया गया। इसके बाद इसी स्थान पर नए सिरे से स्कूल भवन का निर्माण कराया जाएगा। सरकार की ओर से इसके लिए करीब 18 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। ग्रामीणों ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि नए भवन के तैयार होने के बाद बच्चों को सुरक्षित और बेहतर माहौल मिल सकेगा।

सिंधु जल संधि पर भारत के कड़े रुख के बाद पाकिस्तान ने की बातचीत की अपील

## हेग ट्रिब्यूनल के फैसले को भारत ने मानने से किया इनकार; पाकिस्तान बोला- समझौते की भाषा, भावना और कानूनी प्रावधानों के अनुसार लागू करने के लिए प्रतिबद्ध

मृदुल पत्रिका,

**नई दिल्ली।** सिंधु जल संधि को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद एक बार फिर सामने आ गया है। भारत द्वारा हेग स्थित स्थायी मध्यस्थता न्यायालय के फैसले को मानने से इनकार किए जाने के बाद पाकिस्तान ने बुधवार को भारत से बातचीत की अपील की। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह वर्ष 1960 में हुए सिंधु जल समझौते को उसकी मूल भावना और प्रावधानों के अनुसार लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण के फैसले को खारिज करते हुए उसकी वैधता पर भी सवाल उठाया था। इसके बाद पाकिस्तान की ओर से बातचीत के जरिए विवाद सुलझाने की अपील सामने आई है।

#### पाकिस्तान ने कहा- रचनात्मक बातचीत के लिए तैयार

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने कहा कि स्थायी मध्यस्थता न्यायालय ने एक बार फिर पुष्टि की है कि सिंधु जल संधि लागू है और दोनों पक्षों के लिए बाध्यकारी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाएगा कि न्यायालय के फैसले को लागू किया जाए। साथ ही उन्होंने भारत से संधि के दायरे में रचनात्मक तरीके से बातचीत करने की अपील की। अंद्राबी के अनुसार, पाकिस्तान संधि की भाषा और उसके प्रावधानों के अनुसार इसे पूरी तरह और सही भावना के साथ लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उनका देश भारत से भी इसी तरह का रवैया अपनाने की अपील करता रहेगा।



#### मार्च में पाकिस्तान ने न्यायालय का रुख किया था

भारत द्वारा सिंधु जल संधि को स्थगित किए जाने के बाद पाकिस्तान ने मार्च 2026 में हेग स्थित स्थायी मध्यस्थता न्यायालय का रुख किया था। पाकिस्तान ने संधि की स्थिति को लेकर न्यायालय से फैसला करने का अनुरोध किया था। हालांकि, भारत ने इस प्रक्रिया और न्यायाधिकरण के अधिकार क्षेत्र को स्वीकार नहीं किया। सोमवार को भारत ने न्यायाधिकरण के फैसले को भी खारिज कर दिया।

#### पानी के मुद्दे पर भारत-पाकिस्तान आमने-सामने

सिंधु जल संधि का विवाद ऐसे समय सामने आया है, जब भारत और पाकिस्तान के बीच आतंकवाद और पानी समेत कई मुद्दों पर तनाव बना हुआ है। बिश्केक में हुए शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में भी दोनों देशों के बीच पानी और आतंकवाद का मुद्दा प्रमुखता से उठा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि दुनिया केवल कार्रवाई और प्रतिक्रिया के नजरिए तक सीमित नहीं रह सकती। प्रधानमंत्री ने आतंकवादी तंत्र को खत्म करने की जरूरत बताई। इसमें आतंकवाद की आर्थिक मदद, लोगों की भर्ती और सुरक्षित ठिकानों जैसे पूरे तंत्र को खत्म करने पर जोर दिया। शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पानी को क्षेत्र की जीवन रेखा बताया। उन्होंने कहा कि पानी का इस्तेमाल कभी भी हथियार के तौर पर नहीं किया जाना चाहिए। इस तरह एक ही मंच पर भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया।

# बीकानेर बनेगा वृंदावन धाम : इस्कॉन द्वारा जन्माष्टमी महोत्सव 4 सितंबर को

## वृंदावन धाम थीम पर होगी विशेष सजावट, पंचामृत अभिषेक, 56 भोग, कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे मुख्य आकर्षण



**बीकानेर (खबर आस पास)।** 'हरे कृष्णा... हरे कृष्णा... नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की...' के जयघोष से आगामी 4 सितंबर को बीकानेर भक्तिमय वातावरण में सराबोर होगा। अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) तथा रोटरी क्लब ऑफ बीकानेर रॉयल्स के संयुक्त तत्वावधान में वृंदावन रीजेंसी होटल में भव्य जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस बार आयोजन की विशेष थीम 'वृंदावन धाम' रखी गई है, जिसके माध्यम से बीकानेरवासियों को बीकानेर में ही वृंदावन धाम जैसा आध्यात्मिक एवं भक्तिमय वातावरण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

इस्कॉन बीकानेर के केंद्र प्रभारी संकर्षण प्रिय प्रभु ने बताया कि जन्माष्टमी महोत्सव के लिए भक्तों द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम स्थल पर वृंदावन धाम की झलक दिखाई देगी। सजावट के माध्यम से श्री यमुना, भगवान श्रीकृष्ण की माखन-मटकियां तथा वृंदावन के रमणीय स्थलों को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को ऐसा अनुभव कराना है कि वे बीकानेर में रहते हुए भी वृंदावन धाम में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मना रहे हैं।

**मधुर कीर्तन से शुरू होगा भक्तिमय कार्यक्रम**

इस्कॉन भक्त श्यामसुंदर जीवन प्रभुजी ने बताया कि जन्माष्टमी के दिन शाम 5 से 6 बजे तक मधुर हरिनाम संकीर्तन एवं कीर्तन का आयोजन होगा। इसके बाद शाम 6 से 8 बजे तक विभिन्न सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित नृत्य, श्लोक उच्चारण, नाट्य प्रस्तुति एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख रहेंगे। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनकी बाल लीलाओं तथा उनके संदेश को श्रद्धालुओं तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

**राधा-कृष्ण का होगा पंचामृत अभिषेक**

इस्कॉन भक्त भक्तवत्सल निमाई प्रभु ने बताया कि शाम 8 से 10 बजे तक भगवान राधा-कृष्ण का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। अभिषेक के दौरान भक्तिमय वातावरण और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान का विशेष पूजन किया जाएगा। यह आयोजन जन्माष्टमी महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेगा। इसके पश्चात रात्रि 10 से 11 बजे तक भगवान श्रीकृष्ण की कथा का आयोजन होगा, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनकी लीलाओं और उनके आध्यात्मिक संदेश पर प्रकाश डाला जाएगा।

**आधी रात के बाद आरती और 56 भोग के होंगे दर्शन**

भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य कथा के बाद भगवान की विशेष आरती की जाएगी तथा श्रद्धालुओं को 56 भोग के दर्शन होंगे। जन्माष्टमी के इस पावन अवसर पर भगवान को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाएगा। इसके बाद उपस्थित सभी भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी की गई है।

आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न प्रकार के आध्यात्मिक खेल एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। इनमें भाग लेने वाले विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

**5 सितंबर को होगा नन्दोत्सव और व्यास पूजा**

जन्माष्टमी के अगले दिन 5 सितंबर को भी वृंदावन रीजेंसी होटल में नन्दोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसी अवसर पर इस्कॉन के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद की व्यास पूजा भी श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम 5 सितंबर को सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा।

नन्दोत्सव भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशी में मनाया जाने वाला विशेष उत्सव है, जिसमें भक्त भगवान के जन्म की प्रसन्नता को उत्साह और भक्ति के साथ मनाते हैं।

**भक्तों के सहयोग से तैयार हो रहा आयोजन**

आयोजकों ने बताया कि किसी भी बड़े धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजन को सफल बनाने में विभिन्न सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी प्रकार जन्माष्टमी एवं नन्दोत्सव के इन दोनों कार्यक्रमों की तैयारियों में भी इस्कॉन के अनेक भक्त अपनी-अपनी सेवाएं देकर सहयोग कर रहे हैं। सजावट, प्रसाद व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अभिषेक, पूजन सहित विभिन्न व्यवस्थाओं में भक्त उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। इस्कॉन एवं रोटरी क्लब ऑफ बीकानेर रॉयल्स की ओर से समस्त बीकानेरवासियों से विनम्र आग्रह किया गया है कि वे 4 सितंबर को आयोजित जन्माष्टमी महोत्सव तथा 5 सितंबर को होने वाले नन्दोत्सव एवं श्रील प्रभुपाद की व्यास पूजा में सपरिवार शामिल हों और भगवान श्री राधा-कृष्ण की भक्ति एवं दिव्य वातावरण का आनंद लेकर अपने जीवन को आध्यात्मिक रूप से सार्थक बनाएं।

# जिला निर्यात संवर्धन समिति की बैठक आयोजित, निर्यात प्रोत्साहन पर हुई चर्चा

**(खबर आस पास)**

**बीकानेर श्रेयांस बैद ।** जिला कलेक्टर निशांत जैन की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्यात संवर्धन समिति की बैठक आयोजित हुई।

इस दौरान जिले के निर्यात को बढ़ावा देने, स्थानीय उद्योगों की समस्याओं के निस्तारण और अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंच आसान बनाने पर चर्चा की गई।

जिला कलेक्टर ने विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) एपीडा, एफआईईओ, नाबार्ड, ईसीजीसी, डाक विभाग, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग को निर्यात संबंधित गतिविधियों एवं योजनाओं की जानकारी लक्षित वर्ग तक पहुंचाने के लिए संयुक्त कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए?। उन्होंने स्थानीय फूड लैब स्थापित करवाने के लिए संबंधित विभाग को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे उद्यमियों द्वारा निर्यात मानकों को पूर्ण करने वाले प्रमाण पत्र आसानी से प्राप्त हो सकेंगे।

डीजीएफटी के प्रतिनिधि राधेश्याम मीणा ने बताया कि वर्ष 2023-24 में 112.94 मिलियन यू.एस.डी., वर्ष 2024-25 में 125.40 मिलियन यू.एस.डी. एवं वर्ष 2025-26 में 153.30 मिलियन यू.एस.डी. का निर्यात किया गया। यह जिले से निरंतर निर्यात वृद्धि को दर्शाता है।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र की महाप्रबंधक मंजू नैन गोदारा ने बताया कि जिले से वर्तमान में बीकानेरी नमकीन, कृषि आधारित उत्पाद, मूंगफली, इसबगोल, मिठाइयां, पापड़, ऊन आधारित कॉरपेट, वाल क्ले का निर्यात हो रहा है, जिसमें से अधिकांश निर्यात गुजरात के माध्यम से किया जा रहा है। बैठक में रीको के रीजनल मैनेजर मनोज कुमार बंसल, नाबार्ड से अरविंद चाहर, एलडीएम पन्ना लाल माली, एसबीआई से बालकिशन सुथार, वाणिज्य कर विभाग से सुखराम गोदारा, ईसीजीसी से रवि यादव, जिला उद्योग संघ अध्यक्ष डी.पी. पच्चिसिया, राजेश लदरेचा, आरएफसी से रजनीश पूनिया, सिडबी से राहुल कुमार, डाक विभाग से खुशबू राठी, जिला उद्योग एवं वाणिज्य अधिकारी नरेन्द्र कुमार, सोहन लाल जाट सहित अन्य अधिकारी एवं उद्यमी मौजूद रहे।

# शिक्षकों के हित में शैक्षिक सम्मेलन एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं की तिथियों में हो बदलाव

**बीकानेर।** राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) ने जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन एवं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं की तिथियां एक ही होने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए शिक्षा मंत्री से तत्काल हस्तक्षेप कर किसी एक आयोजन की तिथि में परिवर्तन करने की मांग की है। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष बन्नाराम चौधरी एवं मुख्य महामंत्री धर्मेंद्र गहलोत ने बताया कि वर्ष 2026 में दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन 18 एवं 19 सितंबर को निर्धारित किया गया है। इसी अवधि में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी प्रस्तावित है। दोनों महत्वपूर्ण आयोजनों के एक ही समय पर होने से शिक्षकों के सामने असमंजस एवं व्यावहारिक कठिनाई उत्पन्न हो रही है। बीकानेर जिलाध्यक्ष आनंद पारीक ने बताया कि बड़ी संख्या में शिक्षक शैक्षिक सम्मेलन में सहभागिता करने के साथ-साथ विद्यालय एवं ब्लॉक स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन, टीमों की तैयारी, विद्यार्थियों के साथ सहभागिता तथा विभिन्न व्यवस्थाओं से भी जुड़े रहते हैं। ऐसे में दोनों कार्यक्रमों की तिथियां समान होने से शिक्षक न तो शैक्षिक सम्मेलन में पूर्ण मनोयोग से भाग ले पाएंगे और न ही खेलकूद प्रतियोगिताओं में अपनी जिम्मेदारी प्रभावी ढंग से निभा पाएंगे। संगठन के प्रदेश पदाधिकारी यतीश वर्मा ओर सुभाष आचार्य ने कहा कि शैक्षिक सम्मेलन शिक्षकों के बौद्धिक, शैक्षिक एवं व्यावसायिक विकास का महत्वपूर्ण मंच है, वहीं खेलकूद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का अभिन्न हिस्सा हैं। दोनों आयोजनों का अपना महत्व है, इसलिए किसी एक को प्रभावित करने के बजाय दोनों के बीच समन्वय स्थापित किया जाना आवश्यक है। राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) ने शिक्षा मंत्री को पत्र भेजकर मांग की है कि या तो जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन की तिथियां आगे बढ़ाई जाएं अथवा जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं की तिथियों में परिवर्तन किया जाए। संगठन के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष नीरज शर्मा,सभाध्यक्ष किशन लाल सारण ने कहा कि शिक्षक हित एवं विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए यह एक छोटी लेकिन महत्वपूर्ण प्रशासनिक विसंगति है, जिसका समय रहते समाधान किया जाना आवश्यक है। उम्मीद है कि शिक्षा विभाग इस व्यावहारिक समस्या का तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक संशोधन के निर्देश जारी करेगा।

# भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष शंकर गौरा का बीकानेर आगमन पर स्वागत



**बीकानेर (खबर आस पास)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गौरा के बीकानेर आगमन पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने जिला महामंत्री पंकज अग्रवाल की अगुवाई में स्वागत किया। इस अवसर पर शंकर गौरा का साफा पहनाकर, पुष्प वर्षा कर, विशाल माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। साथ ही प्रदेश महामंत्री आदित्य पुजारी का भी स्वागत एवं सम्मान किया गया। भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष शंकर गौरा ने स्वागत के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बीकानेर के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया आत्मीय स्वागत उन्हें सदैव स्मरण रहेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा युवाओं को संगठन से जोड़ते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का कार्य कर रहा है। भाजयुमो प्रदेश महामंत्री पंकज अग्रवाल ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष शंकर गौरा के पहली बार बीकानेर आगमन को लेकर युवा कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश का माहौल है। कार्यक्रम में भाजपा नेता, वेद व्यास, मनीष सोनी, गोपाल अग्रवाल, नरेश नायक, मुकेश धवल, मोहित भाटी, संगीलाल गहलोत, देवेंद्र तंवर, अर्जुन कड़वासरा, राकेश डोगीवाल, सुनील मेघवाल, मदन सोनी के साथ सैकड़ों की संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दंतौर स्कूल बदहाली का शिकार; 9 शिक्षकों के भरोसे 12वीं तक की पढ़ाई, शौचालय-मूत्रालय भी बदहाल, भामाशाह के भरोसे पेयजल व्यवस्था

**दंतौर/बीकानेर (खबर आस पास)।** दंतौर का राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इन दिनों मूलभूत सुविधाओं के संकट से जूझ रहा है। विद्यालय में 450 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, लेकिन इतनी बड़ी संख्या के लिए पर्याप्त पेयजल तक उपलब्ध नहीं है। हालात यह हैं कि एक पानी का टैंकर महज दो से तीन दिन में ही खत्म हो जाता है। यही पानी बच्चों के पीने के साथ-साथ भोजन के बाद जूठे बर्तन और थालियां धोने में भी इस्तेमाल हो रहा है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि विद्यार्थियों के सामने पेयजल संकट किस स्तर का है। फिलहाल भामाशाह के सहयोग से विद्यालय में पानी की व्यवस्था की जा रही है, लेकिन यह व्यवस्था स्थायी समाधान से कोसों दूर है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यार्थियों की संख्या को देखते हुए विद्यालय में स्थायी पेयजल स्रोत की तत्काल जरूरत है। इसके बावजूद शिक्षा विभाग और प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस स्थायी समाधान नहीं किया गया है।





**पिंक टॉयलेट की हालत भी चिंताजनक**

विद्यालय में पेयजल के साथ शौचालय और मूत्रालयों पिंक टॉयलेट की स्थिति भी विद्यार्थियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। सुविधाओं के अभाव और बदहाल स्थिति के बीच बच्चों को दैनिक जरूरतों के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। हालांकि शिक्षकों के अनुसार विभाग की ओर से मूत्रालय की दीवार की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य फिलहाल जारी है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में सिर्फ मरम्मत से काम नहीं चलेगा, बल्कि समुचित भौतिक सुविधाएं विकसित करना जरूरी है।

**25 में से 13 पद खाली, व्यवस्था पर सवाल**

विद्यालय की बदहाली केवल भौतिक सुविधाओं तक सीमित नहीं है। स्टाफ की भारी कमी भी विद्यार्थियों की पढ़ाई पर असर डाल रही है। विद्यालय में 25 पद स्वीकृत हैं, लेकिन इनमें से 13 पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। रिक्त पदों में प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्य, कंप्यूटर अनुदेशक, चपरासी, एलडीसी और लेवल-1 के एक-एक पद के अलावा सेकेंड ग्रेड के पांच तथा फर्स्ट ग्रेड के दो पद शामिल हैं। वर्तमान में विद्यालय में 12 शिक्षक कार्यरत हैं, लेकिन इनमें से भी तीन शिक्षक चुनाव ड्यूटी में लगे हुए हैं। ऐसे में महज 9 शिक्षकों के भरोसे कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई संचालित हो रही है। सवाल यह है कि इतनी कम संख्या में शिक्षक विद्यार्थियों की पढ़ाई और विद्यालय की अन्य जिम्मेदारियों को किस तरह संभाल रहे हैं।

**रिक्त पद भरने के लिए निदेशक को पत्र**

विद्यालय में शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ के रिक्त पदों को भरने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर लाल बिश्नोई ने शिक्षा विभाग के निदेशक को पत्र लिखा है। पत्र में विद्यालय की स्थिति को देखते हुए रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग की गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि सीमावर्ती क्षेत्र के इस विद्यालय में सैकड़ों बच्चे पढ़ रहे हैं। ऐसे में पेयजल, पिंक टॉयलेट और पर्याप्त शिक्षक जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव गंभीर विषय है। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग और प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय की पेयजल व्यवस्था का स्थायी समाधान, शौचालय-मूत्रालयों की आवश्यक मरम्मत तथा सभी रिक्त पदों को तत्काल भरा जाए, ताकि बच्चों को राहत मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि भामाशाह के सहयोग से कुछ समय के लिए पानी की व्यवस्था भले चल रही हो, लेकिन 450 से अधिक बच्चों वाले विद्यालय में स्थायी पानी की व्यवस्था सरकार और विभाग की जिम्मेदारी है।

# डागा के कार्यालय उद्घाटन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष मेघवाल के साथ हथियार सहित युवकों ने किया हमला

**बीकानेर (खबर आस पास)।** नगर निगम चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों के टिकट और सिंबल को लेकर चल रहा विवाद बुधवार को सडक़ पर आ गया। शहर के वार्ड नंबर 50 में कांग्रेस प्रत्याशी नवरत्न डागा के कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान बीकानेर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल के साथ कथित मारपीट और बदसलूकी का मामला सामने आया है। इस दौरान कार्यकर्ता च्टिकट चोर, टिकट चोरज् के नारे लगाते रहे। घटना से कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। विवाद की सूचना मिलते ही पूर्व मंत्री बी.डी. कल्ला भी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। नगर निगम चुनाव में कांग्रेस की ओर से प्रत्याशियों को सिंबल जारी करने को लेकर विवाद चल रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की ओर से जिन प्रत्याशियों के नाम तय कर सिंबल जारी किए गए थे, उनमें बाद में फेरबदल किया गया। आरोप है कि शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मदनलाल गोपाल मेघवाल ने कथित तौर पर अपने पसंदीदा प्रत्याशियों को डुप्लीकेट सिंबल जारी करवा दिए।

## चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के दौरान हुई घटना

जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 50 में कांग्रेस प्रत्याशी नवरत्न डागा के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी दौरान बीकानेर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल के साथ मारपीट की घटना हुई। मदन गोपाल मेघवाल ने आरोप लगाया कि दीपक अरोड़ा के बेटे ने उनके साथ बदसलूकी करते हुए मारपीट की। मेघवाल के मुताबिक आरोपी युवक ने उन्हें अंकल कहकर एक तरफ बुलाया और इसके बाद उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मदन गोपाल मेघवाल ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान उनका कुर्ता तक फाड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक वार्ड नंबर 50 से कांग्रेस टिकट का दावेदार भी था। मेघवाल के अनुसार युवक ने एक दिन पहले ही पार्टी प्रत्याशी को समर्थन देने की बात कही थी, लेकिन अगले ही दिन कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में उनके साथ इस तरह की घटना हो गई।

## सिंबल विवाद के बाद बढ़ा आक्रोश

डुप्लीकेट सिंबल जारी होने की जानकारी सामने आने के बाद से ही कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता मेघवाल के खिलाफ विरोध जता रहे थे। बुधवार को वार्ड 50 में प्रत्याशी नवरतन डागा के कार्यालय उद्घाटन के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी दौरान विरोध कर रहे कार्यकर्ता वहां पहुंच गए और मेघवाल के साथ धक्का- मुक्की व मारपीट शुरू कर दी। कार्यकर्ता लगातार च्टिकट चोर के नारे लगाते रहे। घटना के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश और गहरा गया। वहीं, टिकट वितरण और सिंबल को लेकर पार्टी के भीतर चल रहा विवाद खुलकर सामने आने से चुनावी माहौल भी गरमा गया है।

## पार्टी के सामने चुनौती

नगर निगम चुनाव से पहले टिकट और सिंबल को लेकर सामने आए विवाद ने कांग्रेस संगठन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कार्यकर्ताओं के बीच असंतोष अब विरोध और मारपीट तक पहुंच गया है। ऐसे में पार्टी नेतृत्व के सामने कार्यकर्ताओं को एकजुट रखने और विवाद को शांत कराने की चुनौती खड़ी हो गई है।

# भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष शंकर गौरा का मेडिकल सर्किल पर स्वागत, साफा पहनाकर किया सम्मान



**(खबर आस पास)**

**बीकानेर (खबर आस पास)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गौरा के पहली बार बीकानेर आगमन पर मेडिकल सर्किल पर कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। स्वागत समारोह में भाजपा कार्यकर्ता सुभाष धारणिया ने साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर और स्मृति चिह्न भेंट कर प्रदेशाध्यक्ष का सम्मान किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत किया। पूरे परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा कर शंकर गौरा के नेतृत्व में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर शंकर गौरा ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा युवाओं की ऊर्जा और संगठन की ताकत के बल पर प्रदेश में जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएगा। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव सहित आगामी संगठनात्मक गतिविधियों में युवा कार्यकर्ताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रहेगी। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता डॉ. भागीरथ मूंड, प्रेम सिंह पंवार, डॉ. सिद्धार्थ, विवेक चौधरी, शीशराम, राजेश गोदारा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सुभाष धारणिया ने सभी आगंतुकों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेशाध्यक्ष का बीकानेर आगमन युवा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी है।

# राजस्थान शासन सचिवालय सेवा अधिकारी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभिमन्यु शर्मा का अभिनंदन

## विप्र फाउंडेशन बीकानेर और राजस्थान पुष्टिकर यूथ विंग ने किया अभिनंदन

**बीकानेर (खबर आस पास)।** राजस्थान शासन सचिवालय सेवा अधिकारी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभिमन्यु शर्मा का बुधवार को शासन सचिवालय में विप्र फाउंडेशन बीकानेर और राजस्थान पुष्टिकर यूथ विंग की तरफ से अभिनंदन किया गया। अभिनंदन कार्यक्रम विप्र फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष सुभाष जोशी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर राजस्थान शासन सचिवालय कर्मचारी अधिकारी सेवा संघ के पूर्व अध्यक्ष महेश व्यास का सान्निध्य रहा। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं राजस्थान पुष्टिकर यूथ विंग के कोषाध्यक्ष दिनेश चूरा की उपस्थित के साथ भारी संख्या में राजस्थान सचिवालय कर्मचारी और अधिकारी सेवा संघ के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभिमन्यु शर्मा ने विप्र फाउंडेशन बीकानेर और राजस्थान पुष्टिकर यूथ विंग का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पूरे सचिवालय में शासन सचिवालय के सेवा अधिकारियों ने पूरी मेहनत के साथ मुझे निर्वाचित करने में सहयोग दिया और हमारे बीकानेर के साथियों ने अभिनंदन किया है। इस अवसर पर महेश व्यास ने कहा की विप्र फाउंडेशन और राजस्थान पुष्टिकर हमेशा से ही सामाजिक सरोकारों को निभाते हुए समाज की प्रतिभाओं को पूर्ण सहयोग किया है। अभिमन्यु शर्मा अपने कार्यकाल में सचिवालय में अमिट छाप छोड़े यह हम सब की कामना है।



# बीकानेर के देवेंद्र सिंह भाटी के नेतृत्व में राष्ट्रीय चैंपियनशिप खेलेगी राजस्थान जूनियर फुटबॉल टीम, नीरज चौधरी को टीम मैनेजर की जिम्मेदारी

**बीकानेर (खबर आस पास)।** राजस्थान की जूनियर बालक फुटबॉल टीम डॉ. बीसी रॉय ट्रॉफी जूनियर बॉयज नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप 2026-27 में बीकानेर के देवेंद्र सिंह भाटी के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगी। देवेंद्र सिंह भाटी को राजस्थान जूनियर बालक फुटबॉल टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया है। वहीं बीकानेर के ही नीरज चौधरी को राजस्थान टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। दोनों की नियुक्ति से बीकानेर के फुटबॉल जगत में खुशी की लहर है।